## एक नजर में

### पैरालीगल वालेंटियर हेतु आवेदन आमंत्रित

**राजगढ़ 14 जून, का.** न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ के अधीन जिला एवं तहसील ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा), राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं शासन द्वारा विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों को लाभ दिलाये जाने एवं विधिक सहयोग करने के संबंध में वर्ष 2026-27 हेतु पैरालीगल वालेंटियर्स का चयन एवं नवीनीकरण किया जाना है, इस हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं.

### युवा संगम आज राजगढ़ में

**राजगढ़ 14 जून, का.** प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी श्री एम.वी. संतोष कुमार द्वारा दी गई जानकारी अनुसार शासकीय आईटीआई राजगढ़ में 16 जून को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक युवा संगम (रोजगार, अपरेंटिस एवं स्वरोजगार मेला) का आयोजन किया जाएगा. इच्छुक आवेदक जिनकी न्यूनतम योग्यता 10 वीं से स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण है एवं आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच हैं, युवा संगम में सम्मिलित हो सकते है. युवा संगम/रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाली कंपनी/संस्थान में एम/एस सिनोवा गियर्स एंड ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, राजकोट (200 पद), एम/एस पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल (200 पद), एम/एस पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड, मध्यप्रदेश (25 पद) तथा एम/एस एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी, मध्यप्रदेश (525 पद) इस प्रकार कुल पद 950, जिनमें वेतनमान 10 हजार रूपये से 29,201 रूपये तक प्राप्त हो सकता है.

### द्वितीय चरण की ऑनलाइन कॉउन्सिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ

**राजगढ़ 14 जून, का.** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ में तकनीकी शिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में अहरकारी परीक्षा 10वी के आधार पर प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की ऑनलाइन कॉउन्सिलिंग प्रक्रिया हेतु पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं, जोकि 18 जून, रात्रि 11.45 बजे तक किए जा सकते हैं. संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन (चॉइस फिलिंग) कर लॉक 22 जून तक किया जा सकता है. आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता आवंटित संस्था में उपस्थिति (आंवटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) 27 जून से 03 जुलाई तक किए जाएंगे.

### मानसिक दिव्यांगो हेतु स्वास्थ्य शिविर 22 तक

**राजगढ़ 14 जून, का.** डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग डॉ. ज्योति राजोरे द्वारा बताया गया कि जनपद पंचायत ब्यावरा एवं जीरापुर में 15 जून से 22 जून तक मानसिक रोगियों के उपचार एवं मानसिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु शिविरों का आयोजन किया जाएगा. उक्त शिविरों में दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु दिव्यांगजनों के साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, समग्र आई.डी. एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो अनिवार्य रूप से लेकर शिविर में उपस्थित रहे.

# जालंधर, लुधियाना और मनाली तक छकाया ठगों ने

## फॉलोअप : एएसआई से ऑनलाईन ठगी मामले में देहात थाना पुलिस को सफलता : दो आरोपी धराए, जेल भेजा

**अब जल्द साईबर हैकर्स गैंग को पकड़ेगी पुलिस**




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 जून, का. बीते 10 मई को जिले में पुलिस महकमे में पदस्थ एक एएसआई से साईबर ठगी के मामले को पुलिस ने एक महीने में सुलझा लिया है. पुलिस आरोपियों तक पहुंची और 2 लोगों को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया है. हालांकि आरोपियों तक पहुंचने में देहात थाना पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन आरोपियों को हर हाल में धर दबोचने का बीड़ा लेकर निकली पुलिस को सफलता मिल ही गई. मामले में 95 हजार रूपए की रिकवरी हो चुकी है जबकि करीब 1 लाख रूपए होल्ड उसी समय कर दिए गए थे.**

उल्लेखनीय है कि कोर्ट में तैनात एएसआई गोपाल सिंह खींची के दोनों घुटनों का ऑपरेशन हुआ है. ईलाज के लिए उन्होंने अपने और पत्नि के खातों में करीब 4 लाख रूपए जमा किए थे. बीते 10 मई को उनके बेटे ने 3 हजार रूपए घर के किसी काम के लिए मांगे. जब उन्होंने खाते में पैसे चैक किए तो मालूम हुआ कि पत्नि के खाते से तीन बार 95-95 हजार रूपए और उनके अपने वेतन खाते से 10 हजार रूपए निकाले गए है. बैलेंस कम होने पर उन्होंने खाते का स्टेटमेंट बैंक से लिया तो मामला साफ हुआ. उनके खातों से साईबर ठगी की गई.

### उत्तराखण्ड, दिल्ली और हरियाणा के खातों में पहुंची राशि

एएसआई गोपाल सिंह खींची ने अपने बैंक स्टेटमेट की पड़ताल कराई तो उसमें पता चला है कि बीवी के खाते से तीन बार 95 हजार की राशि उत्तराखण्ड, दिल्ली और हरियाणा के खातों में डाली गई है. वहीं एएसआई श्री खींची के खाते से 10 हजार रूपए की राशि से ऑनलाईन शॉपिंग की गई है. पूरे मामले में साईबर सेल को शिकायत की गई. पुलिस ने मामले में देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज की. अब उन्हीं खातों के स्टेटमेंट और डिटेल की मदद से पुलिस बदमाशों तक पहुंच पाई.

### इधर एएसआई गोपाल सिंह खींची की हालत में सुधार



एएसआई गोपाल सिंह खींची अपने साथ हुई ऑनलाईन ठगी और घुटनों के ईलाज को लेकर काफी परेशान थे. वे अब राहत महसूस कर रहे है. उनके घुटनों के ऑपरेशन के बाद सुधार और रिकवरी हैं, वहीं पुलिस द्वारा एक महीने में आरोपियों को पकड़ने से पूरे परिवार ने राहत की सांस ली है और पुलिस को धन्यवाद दिया है.

### लूट के पैसों से मनाली ट्रिप पर निकले आरोपी

साईबर लूट में शामिल एक युवा आरोपी कम्प्यूटर, मोबाईल की हैकिंग में एक्सपर्ट है. वह आरोपी लूट की राशि निकालने के बाद गर्मियों की छुट्टी मनाने मनाली चला गया. वहां वह कुछ दिन रूका. पुलिस को उसकी लोकेशन ट्रेस हुई. लेकिन आरोपी जल्दी जल्दी अपनी लोकेशन बदल रहा था. पुलिस ने लगातार पीछा करते हुए उसे दबोच लिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार साईबर ठगी में लिप्त ये आरोपी युवा है और मध्यम वर्गीय परिवारों से आते है. नौकरी में सीमित आय और हाई लाईफ स्टाईल मेंटेन करने के चक्कर में ये अपराध का रास्ता अपना रहा है. ये युवा साईबर ठगी कुछ ही समय से कर रहे थे. इनके पीछे कौन सा गिरोह है इसकी पुलिस जांच कर रही है.

### आपस में 200 किमी दूर रहकर साईबर वारदातें

पूरी जांच में दिलचस्प बात यह सामने आई है कि साईबर ठगी में लिप्त आरोपी अधिकांश एक दूसरे के नियमित सम्पर्क में नहीं है. ये एक दूसरे से करीब 200 किमी की दूरी पर है. लूट को ऑपरेट करने के दौरान ही सम्पर्क में रहते हैं और इसके बाद अपनी-अपनी सिम बदल लेते है. इसके कारण भी पुलिस को इनकी आपसी लोकेशन को मैच और ट्रेस करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी.

### जामतारा मूवी की तर्ज पर साईबर ठगी

सूत्रों के अनुसार आरोपियों में ज्यादातर युवा शामिल है. ये नौकरी करते हैं और इसके अलावा पैसों के लिए साईबर ठगी का रास्ता अपना बैठे है. बदमाशों में ने बीते वर्षों में साईबर ठगी पर आधारित जामतारा फिल्म की तर्ज पर ठगी का तरीका निकाला. संभवतः उन्होंने एएसआई के परिवार के मोबाईल हैक किए और खातों से राशि का आहरण कर लिया. वे सिम बदलकर लोगों तक पहुंचते है. उनसे कंपनी के नाम पर बात करते हैं, ओटीपी आदि देकर हैकिंग करते है और साईबर लूट का अंजाम देते है.

### अलवर और जयपुर में मिले आरोपी

देहात थाना पुलिस ने करीब 15 दिनों में लगातार आरोपियों का पीछा किया. वे आरोपियों के पीछे-पीछे उनकी लोकेशन पर दबे पांव पहुंचे. इस दौरान आरोपियों को खोजने वे राजस्थान के अलावा हरियाणा और पंजाब पहुंचे. पटियाला, जालंधर सहित अलवर और जयपुर तक आरोपियों का पीछा किया. दो आरोपी राजस्थान से पकड़े गए हैं जिन्हें अलवर और जयपुर के समीप किसी गांव से दबोचा गया है. हालांकि आरोपियों से पूछताछ जारी है.

### पूछताछ जारी, होंगे और खुलासे

हमने अभी दो आरोपियों को मामले में हिरासत में लिया है. दोनों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है. आरोपियों से पूछताछ जारी है. साईबर ठगी में 95 हजार की राशि रिकवर हो चुकी है और 1 लाख रूपए होल्ड कराए गए है. हम अभी मामले की जांच कर रहे है. उम्मीद है अन्य आरोपी जल्द हमारी गिरफ्त में होंगे.


**प्रवीण जाट, थाना प्रभारी देहात ब्यावरा**

## भाजपा ने सम्मेलन में की उपलब्धियों पर चर्चा

**पचोर 14 जून, सं.** भाजपा द्वारा रविवार को उत्सव वाटिका में जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में जिले भर से आए पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा की गई. इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं. राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को व्यवहार में उतारने का कार्य किया है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद रोड़मल नागर, राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार, विधायक राजगढ़ अमरसिंह यादव, विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका, प्रदेश महामंत्री मोना सुस्तानी तथा दीपेंद्रसिंह चौहान ने भी अपने विचार रखे. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, नगर पालिका उपाध्यक्ष रामभरोसे यादव, आनन्द त्रिपाठी जिला मीडिया प्रभारी, जगदीश दास सह प्रभारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन मंचासीन रहे. सम्मेलन का संचालन आयोजन संयोजक अमित शर्मा ने किया.

# खाना नहीं दिया तो महिला को जंजीर से बांधकर पीटा

नवभारत न्यूज



**खिलचीपुर 14 जून, सं. बीते दिनों रात के समय खिलचीपुर थाने में एक महिला पहुंची जिसके गले में ताले लगी लोहे की जंजीर थी. कमर, कूल्हे और जांघ पर गर्म सरिए से जलाने के निशान थे. महिला ने अपने पति पर यातनाएं देने का आरोप लगाया है. महिला के अनुसार वह अपने पति की कैद से भागकर थाने पहुंची. महिला के अनुसार वह करीब 24 घंटे तक बंधक रही. उसने पत्थर से ताला तोड़ा और रात में 6 किलोमीटर पैदल चलकर थाने पहुंची. पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया.**

जानकारी के अनुसार खिलचीपुर के छीपीपुरा गांव की रहने वाली मांगीबाई तंवर (30) ने बताया कि 10 जून को वह घर पर थीं. दोपहर करीब 12 बजे पति घर आया और खाना मांगा. उन्होंने कहा- बस दे रही हूं. इस पर पति भड़क गया और गालियां देकर मारपीट करने लगा.

पीड़िता ने बताया कि पति के सोते ही थाने के लिए निकल गई. थाना घर से 6 किमी दूर था, लेकिन अंधेरे में रास्ता भटक गई. रातभर खेत और जंगल में भटकती रही. थाने से करीब 100 मीटर पहले पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास पति आ गया और उसने मुझे पकड़ लिया. महिला का आरोप है कि पति उसे बाइक पर बैठाकर घर ले जाने लगा. विरोध करने पर रास्ते में फिर मारपीट की. वहां से गुजर रहे बालू तंवर ने बीच-बचाव किया. कुछ देर शांत रहने के बाद पति उसे जबरन बाइक पर बैठाकर घर ले आया. घर पहुंचते ही पति ने फिर मारपीट की. इसके बाद मेरे गले में लोहे की जंजीर डालकर उसका दूसरा सिरा आंगन में गड़े खंभे से बांध दिया. बड़े ताले से जंजीर मेरे गले में और छोटे ताले से खंभे पर बंद कर दी. महिला ने बताया कि उसे करीब 24 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया. पति गांव में पंचायत बुलाने की बात करता रहा. वह चाहता था कि पंचायत के सामने वह खुद को झूठा बताए और लिखकर दे कि उसके लगाए सभी आरोप गलत हैं और वह थाने में रिपोर्ट नहीं करेगी. पीड़िता ने बताया कि वह राजस्थान के मनोहर थाना क्षेत्र के बिरजीपुरा गांव की रहने वाली है. उसकी शादी 10 साल पहले छीपीपुरा निवासी सरदार सिंह से हुई थी. शादी के करीब 5 साल बाद एक बच्चे का जन्म हुआ था. लेकिन तीन महीने की उम्र में बीमारी से उसकी मौत हो गई.

## 16 से 18 जून तक होंगे विविध कार्यक्रम

**राजगढ़ 13 जून, का.** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 21 जून तक आयोजित किए जा रहे जन कल्याण शिविरों के संबंध में समस्त विभागीय कार्यालय प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कृषि, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सामाजिक न्याय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास अधिकारियों ने भाग लिया.

# गोवर्धन नाथ जी की हवेली में मालवीय बोली में गूंजे भागवत प्रसंग

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 14 जून, सं.** नगर के गोवर्धन नाथ जी की हवेली में मोहनलाल गुप्ता दुपाड़िया वाला परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का महाआरती के साथ समापन हुआ. अंतिम दिवस पं. कमल बिहारी नागर ने कहा कि भागवत श्रवण से पाप से मुक्ति मिलती है. शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को भागवत



श्रवण कराकर मोक्ष प्रदान कराया था. सुदामा-कृष्ण मित्रता के प्रेरणादायी प्रसंग को समझाते हुए कहा कि मित्र वही जो संकट के समय काम आवे. सच्ची मित्रता में कोई भेदभाव नहीं होता.

उन्होंने कहा कि अचानक दरवाजा नहीं खोलना चाहिए. क्योंकि आने वाले का क्या भाव है यह पता नहीं होता. साथ ही मन को मुकाम पर रखो तो सारे काम बनते हैं. शरीर रूपी मथुरा में कंस रूपी अहंकार को बाहर करना होगा.

# जनकल्याण शिविर में 300 से अधिक हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर किया निराकरण

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 जून, का.** कार्यालय जनपद पंचायत खिलचीपुर में 12 से 14 जून तक आयोजित जनकल्याण शिविर के अंतर्गत शनिवार को व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं जनसमस्याओं के निराकरण की गतिविधियां संचालित की गईं. शिविर में 300 से अधिक हितग्राहियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया.

साथ ही विकासखंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं को पंजीबद्ध कर गंभीरता से सुना गया तथा अधिकतम प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया. शिविर का औचक निरीक्षण अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी द्वारा किया गया.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं शासन की योजनाओं से प्राप्त लाभ की जानकारी ली. शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खिलचीपुर गोविन्द सिंह सोलंकी, तहसीलदार राम प्रताप ठाकुर, बीएमओ खिलचीपुर सहित विभिन्न विभागों के विकासखंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

# पागल दास महाराज की स्मृति में भंडारे का आयोजन



नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 14 जून, सं.** नगर के वीर गंगा स्थित शिव मंदिर परिसर में ब्रह्मलीन पागल दास महाराज की स्मृति में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. महाराज ने वर्ष 2014 में नगर में शनि मंदिर नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए वीर गंगा-संडावता रोड पर शनि मंदिर की स्थापना की थी. बाद में भक्तों के सहयोग से शिव मंदिर एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर का निर्माण भी कराया गया.

6 मई को ब्रह्मलीन हुए पागल दास महाराज की पुण्य स्मृति में शनिवार शाम सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया. जबकि रविवार सुबह 10 बजे से विशाल भंडारा आयोजित हुआ. इसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, मंदिर में दर्शन-पूजन कर महाप्रसादी ग्रहण की.



# कथा में सुदामा चरित्र सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

## तिरुपति बालाजी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 14 जून, सं.** नगर स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर में एसके मुंदड़ा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ समापन हुआ. कथा के अंतिम दिवस पर कथावाचक कमलेश भाई ने भगवान श्रीकृष्ण एवं उनके परम मित्र सुदामा के चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए द्वारिका लीला का विस्तारपूर्वक वर्णन किया. उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता, भक्ति और समर्पण का सर्वोत्तम उदाहरण सुदामा चरित्र है. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया. आयोजन के समापन पर आयोजक मुंदड़ा परिवार ने कथा में पधारे सभी श्रद्धालुओं, भक्तजनों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया.

**मौसम** ▶ मऊ पडाना, मगराना, रामपुरिया खेड़ा, साधन खेड़ी सहित दर्जनों गांवों में तबाही

# डेढ़ से 2 घंटे का बवंडर से उड़ीं टिन की छतें, पेड़ धराशायी हुए

नवभारत न्यूज

**पडाना 14 जून, सं. शनिवार शाम 6 से 8 तक बजे के आसमान तेज आंधी तूफान पानी ने मऊ पडाना, मगराना, रामपुरिया खेड़ा, साधन खेड़ी, आशारेटा, मल्हारगंज, अकनिया खेड़ी सहित दर्जनों गांवों में तबाही मचा दी. हवा का बवंडर इतना विकराल था कि सैकड़ों पेड़ों की मोटी-मोटी डालियां कांच की तरह चटक गईं. कई जगह 50 से अधिक पेड़ जड़ समेत उखड़कर सड़कों और खेतों में गिर पड़े. घरों की टिन की छतें खिलौने बन गईं और 400 मीटर दूर तक जा गिरीं. कई टिन की चादर लापता हो गई.**

आवास कॉलोनी पडाना में संतोष वर्मा, राकेश टेलर, बाबू खां और बसीर भाई अंसारी के घरों की छतें हवा में उड़ गईं. एक पल में अनाज, राशन, कपड़े सब खराब हो गए. पूरा परिवार रातभर पड़ोसियों के घर सोने को मजबूर हुआ. जान बचाने के लिए पड़ोसियों के पक्के मकान में भागे. अगर 2 मिनट और रुक जाते तो बड़ी घटना घट सकती. वही रामपुरिया खेड़ा में जंगल में अपना नया मकान में मैं रहने पहुंच मनोहर जाट घर की 20 चद्दर उड़ जाने के कारण परिवार सदस्यों को बाथरूम में शरण लेनी पड़ी. हवा का बवंडर कम होने के बाद जंगलों में चद्दर को ढूंढने निकले लेकिन उसमें से कुछ चद्दर नहीं मिल पाई.

तूफान ने बिजली के पोल और तारों को भी नहीं छोड़ा. 5 से 7 गांव अंधेरे में डूब गए. लेकिन हौसला नहीं टूटा. स्थानीय लाइनमैन हरि यादव और ओम मालवीय ने ग्रामीणों के साथ मोर्चा संभाला. आंधी-बारिश, टूटे तार और गिरे खंभों के बीच रात 12 बजे तक बिजली चालू कर पूरे इलाके को उम्मीद की रोशनी दी. ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत नुकसान का सर्वे कर मुआवजा देने और छतों के लिए आर्थिक सहायता की मांग की है.





### तेज आंधी-बारिश से जीरापुर में कई पेड़ धराशाई, टीनशेड व फ्लेक्स उड़े

**जीरापुर 14 जून,** सं. नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को अचानक मौसम ने करवट ली. तेज हवाओं और आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई. बारिश से लोगों को दिनभर की उमस और भीषण गर्मी से राहत मिली. लेकिन तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर नुकसान भी हुआ. आंधी इतनी तेज थी कि कई पेड़ धराशाई हो गए. जिससे कुछ मार्गों पर आवागमन में बाधा उत्पन्न हुई. हालांकि आवागमन सुचारू रहा. वहीं तेज हवाओं के चलते तीन टीनशेड एवं फ्लेक्स उड़ने की सूचना मिली है. मौसम में आए इस बदलाव से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली. प्रशासन द्वारा लोगों से खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ों तथा कमजोर ढांचों से दूर रहने की अपील की गई है.

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्ध एवं
बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
राजगढ़ जिले का प्रथम अशासकीय विधि महाविद्यालय
निर्विन्ध्या विधि महाविद्यालय
शासन द्वारा प्राप्त सभी छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध
विधि पाठ्यक्रम 2026-27
LLB 3 वर्षीय | B.A.LLB 5 वर्षीय | GNM 3 वर्षीय

प्रवेश एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से एवं सीएलसी राउंड द्वारा
पता : अभयपुर रोड, ग्राम कटारियाखेड़ी, तह. ब्यावरा जिला- राजगढ़
ऑफिस : 7440663447 मो. : 9425039231